डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन इनोवेशन चैलेंज (DEIC)

जिला कार्यान्वयन एसओपी (SOP)

जनवरी 2026

LiftEd Transforming Foundational Literacy and Numeracy

विषय सूची

भाग (क) – डीईआईसी की पृष्ठभूमि और संदर्भ:

01 – डीईआईसी का परिचय

02 – सीमाएं और रचना (डिज़ाइन) के प्रमुख सिद्धांत

भाग (ख) - जिला कार्यान्वयन एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया)

01 – प्रमुख हिस्सेदारकों की भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियाँ

02 – जिले के चयन करने की प्रक्रिया *(ऑनबोर्डिंग)*

03 – डेटा संग्रहण और प्रमुख प्रदर्शन संकेतक *(केपीआई)* ढांचा

04 – जिला मान्यता ढांचा *(डीआरएफ)*

05 – जिला मार्गदर्शन व्यवस्था

भाग (अ) - डीईआईसी की पृष्ठभूमि और संदर्भ

(01) डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन इनोवेशन चैलेंज (DEIC)

लिफ्टएड डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन इनोवेशन चैलेंज (DEIC) एक चुनौती – आधारित कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य सूक्ष्म–नवाचार को बढ़ावा देकर, आँकड़ा–संचालित शासन को प्रोत्साहित करके और सभी जिलों में प्रदर्शन सुधारों को पुरस्कृत करके झारखण्ड में FLN प्रतिफलों के लिए गति का निर्माण करना है। DEIC का कार्यान्वन JEPC द्वारा लिफ्टएड DEIC कंसोर्टियम के सहयोग से किया जाएगा, जिसमें मातृ ट्रस्ट, पोर्टिकस फाउण्डेशन, ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट, डालबर्ग एडवाइजर्स और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट शामिल है।

डीईआईसी का ध्येय सरकारी तंत्र में कार्रवाई को प्रोत्साहित कर राज्य में एक महत्वपूर्ण प्रणालीगत परिवर्तन लाना हैं, जिसके परिणाम इस प्रकार हैं :–

1. **अल्पकालिक और दीर्घकालिक में उच्च FLN प्रतिफल –** DEIC झारखण्ड के जिलों को प्रमाणित उपायों के कार्यान्वयन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार एवं मान्यता का लाभ उठाकर FLN प्रतिफलों में सुधार के लिए अधिक प्रोत्साहन प्रदान करेगा।
2. **जिला अधिकारियों की बेहतर क्षमता –** DEIC के तहत् झारखण्ड में जिला अधिकारी (जैसे जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक) विशेषज्ञों के साथ संवाद करेंगे और अधिगम यात्राओं में भाग लेंगे जिससे उनकी नवोन्मेषी सोच, नेतृत्व और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए क्षमता का निर्माण होगा और प्रशासनिक क्षमता में सुधार होगा। यह राज्य की नींव को मजबूत करेगा और इसे स्वतंत्र रूप से DEIC मॉडल को अपनाने और संचालित करने में सक्षम बनाएगा।
3. **बेहतर FLN आँकड़ा संग्रहण और विश्लेषण प्रणाली –** DEIC झारखण्ड राज्य सरकार को FLN प्रतिफलों के आँकड़ा अवसंरचना एवं संग्रहण प्रणाली की गुणवत्ता, दक्षता और विश्वसनीयता को परिष्कृत करने तथा सुधारने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन एवं सहायता प्रदान करेगा और आँकड़ों की विश्वसनीयता में सुधार हेतु राज्यव्यापी स्तर पर इनके अंगीकरण में तेजी लाएगा।
4. **मूल्यांकन की सुविधा –** यह चुनौती उन प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (KPIs) की पहचान करने में सहायता करके राज्य की मूल्यांकन क्षमता का निर्माण करेगी जो FLN सुधार के सर्वोत्तम संकेतक हैं और उनका मूल्यांकन करने के लिए राज्य की क्षमता को विकसित करेगी।
5. **झारखण्ड एक आदर्श राज्य बनेगा –** झारखण्ड अन्य राज्यों के लिए एक FLN चुनौती अपनाने हेतु प्रेरणा का स्रोत बन सकता है, जिससे यह एक अग्रणी के रूप में स्थापित होगा। प्रचार–प्रसार के माध्यम से अन्य राज्यों/भौगोलिक क्षेत्रों (जैसे–आकांक्षी जिले) में इसके अनुभव में सीखने के लिए अधिक फाउण्डेशनों, परोपकारी लोगों और अन्य निवेशकों को आकर्षित किया जा सकता है।

(02) दायरा और रचना (डिज़ाइन) के सिद्धांत

परिधि	विवरण

व्याप्ति	राज्य के सभी 24 जिले
समय–सीमा	3वर्ष–शैक्षणिक सत्र 2025–26 से 2027–28 तक
कार्यान्वयन निकाय	झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद
सहयोगी संगठन	संस्थापक भागीदारः मैत्री ट्रस्ट और पोर्टिकम फाउंडेशन; कार्यक्रम प्रमुखः ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट; प्रदर्शन प्रबंधनः डालबर्ग एडवाइजर्स; और तकनीकी भागीदारः रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट
लक्षित हितधारक	1. जिला शिक्षा अधिकारी (DEOs), जिला शिक्षा अधीक्षक (DSEs) और सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (ADPOs) 2. प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (BEEos), प्रखंड संसाधन सेवी और संकुल संसाधन सेवी 3. प्रधानध्यापक और शिक्षक
मुख्य विषय	बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता + विद्यालय का परिवेश

DEIC का उद्देश्य, जिला–स्तरीय नेतृत्व को उनके प्रदर्शन पर आँकड़ा–समर्थित साक्ष्य के साथ सशक्त बनाकर, बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता और विद्यालय के परिवेश को बेहतर बनाना है। डीईआईसी को तीन मूल सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया है – मोमेंटम (गति), विजिबिलिटी (दृश्यता) और गाईडेंस (मार्गदर्शन)।

(क) मोंमेंटम (गति) :–

DEIC को जिलों के बीच गति को निर्माण करने और उसे बनाए रखने के लिए तैयार किया गया है। इसके लिए मान्यता को मापने योग्य, सत्यापन योग्य और आँकड़ा–समर्थित प्रदर्शन से जोड़ा जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जिला प्रशासनों की ऊर्जा को एफएलएन और विद्यालय के परिवेश संबंधी स्पष्ट प्राथमिकताओं की ओर निर्देशित करना है, साथ ही पारदर्शी और आँकड़ा–संचालित तरीके से प्रगति को प्रोत्साहित करना हैं।

इसमें सभी प्रमुख जिला पदाधिकारी (जिला कलेक्टर, डीईओ, एडीपीओ, डीएसई) शामिल होंगे, साथ ही सभी स्तरों (प्रखंड, विद्यालय, आदि) पर किए गए प्रयासों को तिमाही और वार्षिक आधार पर मान्यता दी जाएगी। जिले के प्रदर्शन को मापने के लिए डीईआईसी उन प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (Key Performance Indicators) को ट्रैक करेगा जिन्हें एफएलएन और विद्यालय के परिवेश के लिए प्राथमिकता दी गई है और उनका मूल्यांकन डीईआईसी के जिला मान्यता फ्रेमवर्क (District Recognition Framework) का उपयोग करके किया जाएगा।

क. 1 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (KPI) फ्रेमवर्क :–

जिलों का मूल्यांकन एक संरचित फ्रेमवर्क के आधार पर किया जाएगा, जिसमें 17 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (KPIs) शामिल हैं (जो इनपुट, कक्षा निर्देश और सामुदायिक भागीदारी को कवर करते हैं) तथा 4 परिणाम संकेतक हैं (जो छात्र सीखने और विद्यालय के परिवेश को मापते हैं)। यह आँकड़ा eVV, ऐप UDISE+ डेटा और अन्य स्रोतों से एकत्र किया जाएगा। KPI फ्रेमवर्क को देखी गई प्रगति ओर जमीनी हितधारकों से प्राप्त इनपुट के आधार पर वार्षिक रूप से परिष्कृत किया जा सकता है ताकि इसकी निरंतर प्रासंगिकता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।

क. 2. जिला मान्यता फ्रेमवर्क :–

प्रत्येक KPI को 'जिला मान्यता फ्रेमवर्क' के माध्यम से मापा और रैंक किया जाएगा, जिसकी गणना तिमाही और वार्षिक दोनों आधार की जाएगी। इस फ्रेमवर्क से मान्यता प्राप्त करने वाले जिलों के लिए तिमाही और वार्षिक आधार पर एक संरचित पुरस्कार प्रणाली स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम के लक्ष्यों की दिशा में हुई प्रगति और निरंतर प्रयासों को सम्मानित करने के लिए उत्कृष्ट नवाचारों वाले शिक्षकों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। मान्यता तंत्र में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं :

- प्रदर्शन दर्शाने वाले सार्वजनिक लीडरबोर्ड
- उच्च प्रदर्शन करने वाले जिलों और शिक्षकों के लिए केस प्रोफाइल
- सहकर्मी–शिक्षण को सक्षम करने के लिए सीखने की यात्राओं के अवसर
- प्रेरणा को बढ़ावा देने, उपलब्धियों का जश्न मनाने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा निरंतर सुधार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन की गई मान्यता के अन्य रूप।

(ख) विजिबिलिटी (दृश्यता) :–

'विजिबिलिटी' का सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि जिला प्रशासनों को उनके प्रदर्शन पर पारदर्शी और समय पर आँकड़ों तक पहुँच प्राप्त हो। यह निरंतर निगरानी, विश्वसनीय मूल्यांकन और सुधार के कार्रवाई योग्य अंतदृष्टि पर केंद्रित है। दृश्यता स्थापित करने के लिए डीईआईसी eVV पर एकत्र किए गए KPIs के आँकड़ों का उपयोग करेगा और उन्हें जिलों के लिए मासिक प्रगति रिपोर्ट या स्कोरकार्ड पर प्रस्तुत करेगा। इसके साथ ही एफएलएन और विद्यालय के परिवेश के परिणामों पर वार्षिक मूल्यांकन भी जिलों के लिए परिणाम–स्तर पर प्रगति की दृश्यता प्रदान करते हैं।

ख . 1 विद्यावाहिनी (eVV) ऐप के माध्यम से आँकड़ा संग्रहण :–

राज्य द्वारा विकसित एक आईसीटी–आधारित प्लेटफॉर्म, ई–विद्यावाहिनी (eVV) एप्लिकेशन, डीईआईसी के तहत वास्तविक समय में विद्यालय–स्तरीय आँकड़ा संग्रहण के लिए प्राथमिक उपकरण के रूप में काम करेगा। आँकड़ों को ब्लॉक संसाधन सेवी (BRPs) और संकुल संसाधन सेवी (CRPs) द्वारा नियमित विद्यालय निगरानी यात्राओं के दौरान तथा शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों द्वारा दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल सर्टिफिकेशन और शिक्षक आवश्यकता मूल्यांकन तथा 'मेरा निपुण विद्यालय' जैसे अन्य राज्य कार्यक्रमों से स्वतंत्र मूल्यांकन का उपयोग भी प्रासंगिक डीईआईसी KPIs के लिए किया जाएगा।

ख . 2. वार्षिक तृतीय–पक्ष मूल्यांकन :–

जिले के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन प्रदान करने के लिए, स्वतंत्र तृतीय –पक्ष मूल्यांकन वाार्षिक रूप से आयोजित किए जाएँगे। इस मूल्यांकन में एफएलएन अधिगम प्रतिफल और विद्यालय का परिवेश/समग्र बाल विकास के परिणाम शामिल होंगे। यह मूल्यांकन, पूरे शैक्षणिक वर्ष के दौरान जिले के प्रदर्शन की समग्र तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए तिमाही निगरानी आँकड़ों (आउटपुट) पर आधारित होगा। प्रदर्शन के रूझानों, मुख्य निष्कर्षों और सुधार के क्षेत्रों को प्रस्तुत करते हुए, जिला–स्तरीय और राज्य–स्तरीय रिर्पोट तैयार की जाएँगी और हितधारकों के साथ साझा की जाएँगी।

ख . 3. मासिक स्कोरकार्ड (प्रगति की दृश्यता) :–

जिलों को सभी क्म्प्ब् झच्े पर प्रदर्शन का सारांश देने वाले मासिक स्कोरकार्ड होंगे। इनमें जिले के वर्तमान प्रदर्शन, पिछले चक्र से हुई प्रगति और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए सहकर्मी बेंचमार्क पर आँकड़े शामिल होंगे।

(ग) मार्गदर्शन :–

डीईआईसी के दौरान, जिलों को उनके झच् प्रदर्शन के आधार पर लक्षित, रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा ताकि उन्हें अपनी प्रगति को समझने, सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने और बनाए रखने या बढ़ाने योग्य प्रथाओं को पहचााने में मदद मिल सके। साथ ही, वे लक्षित हस्तक्षेपों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के लिए जेईपीसी और डीईआईसी प्रदर्शन प्रबंधन इकाई से सलाहकार इनपुट करेंगे।

ग. 1 मार्गदर्शन गतिविधयाँ :–

जिलों के लिए उपलब्ध मार्गदर्शन तंत्र के उदाहरणों में शामिल हैं :–

- प्रदर्शन के रूझानों को ट्रैक करने और त्वरित सुधारात्मक उपायों पर चर्चा के लिए मासिक समीक्षा बैठकें।
- प्रगति की गहराई से समीक्षा करने और उभरती चुनौतियों के समाधान के लिए जिला नेतृत्व और जेईपीसी/पीएमयू टीम के बीच द्वि–वार्षिक 1:1 रणनीतिक बैठकें।
- तकनीकी जानकारी प्रदान करने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और जिलों के बीच सहकर्मी–शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञों के नेतृत्व में कार्यशालाएँ और सीखने के सत्र ।

ग. 2 सीखने के संसाधन :–

सीखने के संसाधन मार्गदर्शन गतिविधियों के अलावा अन्य राज्य सहायता संसाधन भी हैं जो जिलों को आवश्यकता के आधार पर उपलब्ध है :

- **सीखने के संसाधन** : इसमें गाइड, केस स्टडी, एफएलएन प्राइमर और नेतृत्व मॉडयूल शामिल हैं, जो डीईआईसी की सीख और अन्य राज्यों तथा संदर्भों की सिद्ध प्रथाओं, दोनों से लिए गए हैं।
- **विशेषज्ञों तक पहुँच :** जिलों को निरंतर या ऑन–डिमांड सहायता के लिए विशेषज्ञों का एक पैनल उपलब्ध कराया जा सकता है। पैनल में गैर–सरकारी संगठनों के विशेषज्ञ, शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ, पूर्व जिला अधिकारी आदि शामिल हो सकते हैं।

भाग ख – जिला कार्यान्वयन एसओपी

01. प्रमुख हितधारकों की भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ :

DEIC का नेतृत्व झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद (JEPC) द्वारा किया जाएगा और इसे DEIC PMU के तकनीकी सहयोग से, जिलों तथा प्रखण्डों में समन्वित कार्रवाई के माध्यम से कार्यन्वित किया जाएगा। प्रत्येक हितधारक की भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ इस प्रकार हैं :

हितधारक	प्रमुख भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ
JEPC	• DEIC के लिए दिशानिर्देश, रणनीति और कार्यान्वयन ढ़ांचा जारी करना। • ई–विद्यावाहिनी (eVV) पर हितधारक मॉड्यूल को परिष्कृत करके एक मजबूत आँकड़ा–संग्रह प्रक्रिया को लागू करना। • DEIC के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए राज्य–स्तरीय DEIC समीक्षा आयोजित करना, प्राथमिकताएँ निर्धारित करना और जिलों तथा प्रखण्डों को निर्णय संप्रेषित करना। • जिलों और परिवर्तनकर्ताओं (Changemakers) की तिमाही और वार्षिक मान्यता सुनिश्चित करना। • अन्य राज्य पहलों के साथ अभिसरण सुनिश्चित करना और कार्यक्रम कैलेण्डर को संरेखित करना।
जिला प्रशासन	• जिला FLN कार्यसूची और मासिक समीक्षा अनुसूची के भीतर DEIC को एकीकृत और प्राथमिकता देना। • एडीपीओ (ADPOs) को DEIC के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित करना और कार्यक्रम की तैयारी सुनिश्चित करना। • KPIs, आँकड़ों की गुणवत्ता और परिणामों के उपयोग पर प्रखण्ड के अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों की क्षमता का निर्माण करना।

	• उपायुक्त की अध्यक्षता में DEIC के तहत् जिला स्तरीय प्रदर्शन पर मासिक समीक्षा आयोजित करना। • सुधार के क्षेत्रों और जिले की प्राथमिकताओं की पहचान करना, परिणामों में सुधार के लिए नवाचार के अवसरों का पता लगाना। • स्थानीय नवाचारों को पहचानना और राज्य स्तरीय मान्यता तथा स्पॉटलाइट के लिए मामलों को नामांकित करना, जिलों के भीतर सिद्ध प्रथाओं को बढ़ाना।
ब्लॉक प्रशासन	• जिले की प्राथमिकताओं को स्पष्ट क्लस्टर और स्कूल लक्ष्यों के साथ एक ब्लॉक कार्यान्वयन योजना में बदलना। • प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (Block Education Exetension Officer) की अध्यक्षता में DEIC के तहत् प्रखण्ड स्तरीय प्रदर्शन पर मासिक समीक्षा आयोजित करना। • प्रत्येक माह ई–विद्यावाहिनी पर BRPs, CRPs और शिक्षकों द्वारा विद्यालय–स्तरीय आँकड़ों का पूर्ण और समय पर संग्रहण सुनिश्चित करना। • DEIC के प्रदर्शन पर क्लस्टर–स्तरीय समीक्षा आयोजित करना, कार्रवाईयां जारी करना और उनके समापन को ट्रैक करना। • KPIs, आँकड़ों की गुणवत्ता और परिणामों के उपयोग पर क्लस्टर अधिकारियों और स्कूल टीमों की क्षमता का निर्माण करना। • प्रखण्ड–स्तरीय नवाचारों और परिवर्तनकर्ताओं की पहचान और दस्तावेजीकरण करना। जिला और राज्य स्तरीय मान्यता के लिए नामांकित करना, क्लस्टरों के बीच सहकर्मी–शिक्षण को सक्षम बनाना।
PMU	• DEIC के लिए तकनीकी और कार्यक्रम–प्रबंधन की रीढ़ के रूप में कार्य करना। • जिलों और प्रखण्डों के लिए एसओपी (SOPs), उपकरण, टेम्पलेट और उन्मुखीकरण सामग्री विकसित करना और बनाए रखना। • राज्य, जिला और प्रखण्ड स्तर पर अधिकारियों को उन्मुख करना। • आँकड़ों की गुणवत्ता की निगरानी करना और आँकड़ा संग्रहण तथा सत्यापन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए शोधन की सिफारिश करना। • DEIC पर जिला और प्रखण्ड के प्रदर्शन और संबंधित डैशबोर्ड को दर्शाने वाले मासिक स्कोरकार्ड तैयार करना। • जिला मार्गदर्शन गतिविधियाँ चलाना और तकनीकी सहायता प्रदान करना। • सत्यापित परिणामों और प्रलेखित नवाचारों के आधार पर जिलों और परिवर्तनकर्ताओं (Changemakers) की तिमाही और वार्षिक मान्यता को सुविधाजनक बनाने के लिए JEPC को शॉर्टलिस्ट की सिफारिश करना।

02. जिला समावेशन :

सितम्बर, 2025 से जिलों का DEIC में समावेशन किया जाएगा जिसका पहला आँकड़ा संग्रहण चक्र अक्टूबर में निर्धारित है (इस शैक्षणिक वर्ष की तीसरी तिमाही की शुरूआत से)। इस समावेशन में जिला और प्रखण्ड अधिकारियों का उन्मुखीकरण, KPIs के साथ संरेखण और ई–विद्यावाहिनी के आँकड़ा संग्रहण घटक के साथ उनकी मैपिंग, जिले के प्रदर्शन की प्रारंभिक बेंचमार्किंग और जिले द्वारा वर्ष–1 की प्राथमिकताओं की पहचान शामिल होगी :

चरण 1 जिला प्रशासनों द्वारा DEIC एसओपी (SOP) की समीक्षा

जिला नेतृत्व से यह अपेक्षा की जाती है कि वे कार्यान्वयन एसओपी की पूरी समीक्षा करें। ADPOs को जिला स्तर पर SPOC/नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया जाएगा। SPOCs आगे जिला और प्रखण्ड स्तर पर आँकड़ा और प्रशिक्षण प्रमुखों की पहचान करेंगे, जिससे कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट सम्पर्क बिन्दु सुनिश्चित होंगे।

चरण 2 JEPC के नेतृत्व में जिला और प्रखण्ड अधिकारियों के साथ DEIC पर ब्रीफिंग सत्र

JEPC एक राज्य–स्तरीय ब्रीफिंग आयोजित करता है जिससे PMU प्रमुख कार्यक्रम तत्वों जैसे कि KPI और जिला मान्यता फ्रेमवर्क पर विस्तार से बताने, कार्यान्वयन प्रक्रियाओं और प्रमुख अगले कदमों का विवरण देने और जिलों से स्पष्टीकरण की सुविधा प्रदान करने में सहयोग करता है।

चरण 3 JEPC के नेतृत्व में PMU समर्थित BRPs/CRPs का उन्मुखीकरण –

JEPC, BRPs और CRPs के लिए उन्मुखीकरण सत्र आयोजित करेगा जिसमें KPI डिक्शनरी प्रत्येक KPI की ई–विद्यावाहिनी मॉड्यूल से मैपिंग, आँकड़ा नियम और विद्यालय सहायता के लिए पहले महीने की अपेक्षाएँ शामिल होंगी। PMU मानकीकृत उन्मुखीकरण सामग्री (अद्यतन KPI नोट्स, eVV उन्मुखीकरण सामग्री, अकसर पूछे जाने वाले प्रश्न) और तकनीकी अपडेट प्रदान करेगा और आवश्यकतानुसार सत्रों का सह–संचालन कर सकता है।

चरण 4 जिलों द्वारा तैयारी की जाँच (Readiness Checks) –

DEIC के लिए जिला SPOC तैयारी की जाँच सुनिश्चित करेगा ताकि यह पुष्टि हो सके कि ई–विद्यावाहिनी ऐप सभी जिला, प्रखण्ड और क्लस्टर उपयोगकर्ताओं (BEEOs, BRPs, CRPs, शिक्षक और प्रधानाध्यापक) के लिए अद्यतन और कार्यात्मक है। जिले, विद्यालय सूचियों को BRP/CRP मार्गों से मैप करके और विजिट रोस्टर जारी करके, हर महीने 100% अद्वितीय विद्यालयों का कवरेज सुनिश्चित करेंगे। यह रोस्टर महीने के भीतर दोहरी विजिट (अनुमोदित फॉलो–अप को छोड़कर) को रोकेगा और छूटे हुए विद्यालयों से बचाएगा।

चरण 5 जिले के KPIs के आधार–रेखा प्रदर्शन की समीक्षा करते हैं और कार्यान्वयन की पहली तिमाही के लिए मापने योग्य लक्ष्यों की पहचान करना –

नवीनतम तिमाही के आँकड़ों और किसी भी वैद्य ऐतिहासिक रेकॉर्ड का उपयोग करते हुए जिला KPIs के मुकाबले एक प्रारंभिक प्रदर्शन दृश्य संकलित करता है, इसे प्रखण्डों के साथ मान्य करता है और आने वाली तिमाही के लिए दो से तीन मापने योग्य प्राथमिकताओं का दस्तावेजीकरण करता है। प्रत्येक प्राथमिकता का एक स्वामी होता है, एक संक्षिपत कार्य सूची और एक लक्ष्य तिथि होती है जिससे हर तिमाही की एक स्पष्ट शुरूआत हो सके।

03. जिला आँकड़ा संग्रहण और KPI फ्रेमवर्क :

1. **आँकड़ा प्लेटफॉर्म :** प्रखण्ड और विद्यालय के अधिकारियों द्वारा आँकड़ा संग्रहण ई–विद्यावाहिनी (eVV) प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा। इसके अतिरिक्त DEIC के तहत् स्वतंत्र तृतीय–पक्ष मूल्यांकन और अन्य राज्य कार्यक्रमों जैसे कि स्कूल सर्टिफिकेशन, शिक्षक आवश्यकता मूल्यांकन और ''मेरा निपुण विद्यालय'' के आँकड़ों का भी लाभ उठाया जाएगा।

2. **आँकड़ा संग्रहण के माध्यम :** जिलों से आँकड़े दो प्राथमिक स्रोतों से प्राप्त किए जाएँगे –
   a. BRPs/CRPs द्वारा विद्यालय भ्रमण और कक्षा–अवलोकन (जिसमें शिक्षण अभ्यास, विद्यालय प्रक्रियाएँ और सहायक स्थितियाँ शामिल हैं) और
   b. शिक्षकों/प्रधानाध्यापकों द्वारा उपस्थिति और प्रासंगिक विद्यालय (जिसमें छात्र/शिक्षक उपस्थिति और eVV पर दर्ज अन्य नियमित विद्यालय आँकड़े) शामिल हैं।

3. **आँकड़ा संग्रहण की आवृत्ति :** विद्यालय भ्रमण और कक्षा अवलोकन मासिक होंगे। KPI डिक्शनरी में निर्दिष्ट अनुसार, अलग–अलग KPIs की रिर्पोटिंग आवृत्ति अलग–अलग हो सकती है – मासिक, तिमाही या अर्धवार्षिक।

4. **KPI फ्रेमवर्क :** नीचे दिया गया KPI फ्रेमवर्क उन संकेतकों, परिभाषाओं, स्रोतों और रिर्पोटिंग आवृत्तियों को निर्दिष्ट करता है जिनका उपयोग अके तहत् मापन के लिए किया जाएगा। प्रत्येक KPI को ई–विद्यावाहिनी से मैप किया गया है ताकि मानकीकृत भाजक और सत्यापन प्रोटोकॉल के साथ सभी जिलों में आँकड़ा संग्रहण में सुसंगतता सुनिश्चित हो सके। यह फ्रेमवर्क जिलों की स्कोरिंग, रैंकिंग और मान्यता के लिए एक सामान्य संदर्भ के रूप में काम करेगा।

विषय	KPI (प्रमुख प्रदर्शन संकेतक)	आवृत्ति	आँकड़ा स्रोत
आदान	सभी शिक्षण–अधिगम सामग्री प्राप्त करने वाले स्कूलों का प्रतिशत	मासिक (प्रत्येक वर्ष की पहली 2 तिमाही)	eVV : BRP/CRP द्वारा विद्यालय/कक्षा अवलोकन
	बुनियादी स्तर के लिए स्कूल पुस्तकालय में आयु–उपयुक्त पुस्तकों का उपयोग करने वाले स्कूलों का प्रतिशत	मासिक	
	प्रत्येक ग्रेड 1, 2 और 3 के लिए समर्पित कक्षा वाले स्कूलो का प्रतिशत	अर्धवार्षिक	
	एक महीने में >90% उपस्थिति वाले FLN ग्रेड के शिक्षकों का प्रतिशत	मासिक	eVV : शिक्षकों द्वारा स्वघोषित

	प्रिन्ट–समृद्ध कक्षाओं वाले स्कूलों का प्रतिशत	अर्धवार्षिक	eVV : BRP/CRP द्वारा विद्यालय / कक्षा अवलोकन
कक्षा निर्देश	हैंडबुक में निर्धारित में निर्धारित संरचित पाठ योजना का पालन करने वाले शिक्षकों का प्रतिशत	मासिक	
	साक्षरता और संख्यात्मकता पर समर्पित समय के साथ सामान्य समय–सारणी का पालन करने वाले स्कूलों का प्रतिशत	मासिक	
	कक्षा में TLM का उपयोग करने वाले शिक्षकों का प्रतिशत	मासिक	
	रचनात्मक मूल्यांकन के माध्यम से छात्रों के सीखने का आकलन करने वाले स्कूलों का प्रतिशत	मासिक	
	कक्षा में कम से कम एक सकारात्मक कक्षा प्रबंधन रणनीति का उपयोग करने वाले शिक्षकों का प्रतिशत	मासिक	
	अपने पाठ के दौरान समूह गतिविधियों को लागू करने वाले शिक्षकों का प्रतिशत	मासिक	
	शिक्षक आवश्यकता मूल्यांकन में मजबूत दक्षता प्रदर्शित करने वाले शिक्षकों का प्रतिशत	अर्धवार्षिक	JEPC द्वारा प्राप्त
	कार्यक्रम दिशानिर्देशों के अनुसार ''मेरा विद्यालय निपुण'' के रूप में प्रमाणित स्कूलों का प्रतिशत	अर्धवार्षिक	
अभिभावक और छात्र संलग्नता	एक सप्ताह में >70% औसत छात्र उपस्थिति वाले स्कूलों का प्रतिशत	मासिक	eVV : शिक्षकों द्वारा स्वघोषित
	PTM में शामिल हुए अभिभावकों का प्रतिशत	तिमाही	eVV : BRP/CRP द्वारा विद्यालय / कक्षा अवलोकन
	स्कूल के नेताओं का प्रतिशत जो रिपोर्ट करते हैं कि पिछली PTM में शैक्षणिक और सामाजिक–भावनात्मक कल्याण के विषयों पर चर्चा की गई थी	तिमाही	
	प्रातः कालीन सभा में छात्र भागीदारी के साथ गतिविधियाँ आयोजित करने वाले स्कूलों का प्रतिशत	मासिक	
छात्र अधिगम	FLN और सामाजिक–भावनात्मक कल्याण परिणामों के तृतीय–पक्ष मूल्यांकन में छात्रों का प्रदर्शन	वार्षिक	तृतीय पक्ष मूल्यांकन का आँकड़ा
	FLN और सामाजिक–भावनात्मक कल्याण परिणामों के तृतीय–पक्ष मूल्यांकन में विशिष्ट लाभार्थी समूहों का प्रदर्शन	वार्षिक	

	निपुण कार्यक्रम के दिशानिर्देशों के अनुसार "मैं भी निपुण" के रूप में प्रमाणित स्कूलों का प्रतिशत	तिमाही	JEPC द्वारा प्राप्त
	एक जिले में FLN चैंपियनशिप के लिए नामांकित स्कूलों का प्रतिशत	अर्धवार्षिक	

04. जिला मान्यता फ्रेमवर्क :

जिला मान्यता फ्रेमवर्क (DRF) वह प्रणाली है जिसके माध्यम से जिलों को DEIC के तहत् उनके प्रदर्शन और सुधार के लिए औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाता है। यह मानकीकृत करता है कि जिलों को कैसे स्कोर, रैंक और मान्यता दी जाती है, जिससे पूरे राज्य में तुलनात्मक और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।

A. **मान्यता का दायरा और प्रकार :** जिला शिक्षा नवाचार चुनौती के तहत् मान्यता दो आयामों पर आधारित है –

a. प्रदर्शन आधारित मान्यता – KPI फ्रेमवर्क पर जिले के प्रदर्शन का मूल्यांकन, जिसे ई–विद्यावाहिनी के माध्यम से मापा जाता है और तृतीय–पक्ष मूल्यांकन के माध्यम से मान्य किया जाता है।

b. अभ्यास आधारित मान्यता – परिवर्तनकर्ताओं और जिला स्पॉटलाईट्स की पहचान जो उन नवाचारों, स्थानीय समाधानों और नेतृत्व प्रथाओं को उजागर करते हैं जो जमीनी स्तर पर बेहतर FLN परिणामों में योगदान करते हैं।

B. **आवधिकता :** DRF के तहत् मान्यता दो स्तरों पर दी जाएगी, तिमाही एवं वार्षिक –

a. तिमाही मान्यता प्राप्त आँकड़ों पर आधारित होगी और इसके परिणामस्वरूप जिला लीडरबोर्ड और स्पॉटलाईट का प्रकाशन होगा।

a. वार्षिक मान्यता पूरे शैक्षणिक वर्ष के प्रदर्शन को समेकित करेगी। इससे तृतीय–पक्ष द्वारा मूल्यांकन परिणाम आँकड़े शामिल होंगे और इसका समापन वार्षिक राज्य–स्तरीय मान्यता और एक्सपोजर यात्राओं के रूप में होगा।

C. **प्रदर्शन आधारित मान्यता :** इस श्रेणी के तहत् मान्यता DEIC DPI फ्रेमवर्क पर आधारित है। जिलों को तिमाही और वार्षिक आधार पर आउटपुट और परिणाम संकेतकों पर प्रदर्शन के आधार पर रैंक किया जाएगा। प्रत्येक KPI का एक निर्धारित भार होगा और जिला स्कोर की गणना ई–विद्यावाहिनी के माध्यम से प्राप्त आँकड़ों का उपयोग करके की जाएगी और जहाँ लागू हो, तृतीय–पक्ष मूल्यांकन के माध्यम से मान्य किया जाएगा।

a. **संकेतक स्कोरिंग :** प्रत्येक KPI को, प्रत्येक जिले के लिए परिभाषित संकेतक के मुकाबले उसके निरपेक्ष प्रदर्शन के आधार पर स्कोर किया जाएगा।

b. **समग्र सकोरिंग :** प्रत्येक जिले के लिए एक समग्र स्कोर बनाने के लिए अधिसूचित भार का उपयोग करके सभी KPIs के स्कोर को एकत्रित किया जाएगा। संकेतकों और जिलों के आधार–रेखाओं में तुलनीयता की अनुमति देने के लिए आँकड़ों को सामान्यीकरण किया जाएगा।

c. **जिलों की रैंकिंग :**

i. जिलों को दो मापदण्डों पर रैंक किया जाएगा – (क) समग्र स्कोर पर आधारित निरपेक्ष प्रदर्शन और (ख) पिछली तिमाही की तुलना में सुधार।

ii. रैंकिंग KPI फ्रेमवर्क प्रत्येक वर्टिकल और समग्र स्कोर, दोनों के लिए तैयार की जाएगी।

iii. अंतिम रैंकिंग अधिसूचित विधि का उपयोग करके प्रदर्शन और सुधार को मिलाकर जारी की जाएगी।

iv. JEPC विस्तृत कार्यप्रणाली और गणना फ्रेमवर्क को अलग से अधिसूचित करेगा जिसमे संकेतक भार, सामान्यीकरण प्रोटोकॉल और प्रदर्शन तथा सुधार स्कोर को जोड़ने का सूत्र शामिल है।

v. प्रदर्शन आधारित मान्यता श्रेणियाँ – KPI फ्रेमवर्क पर जिले के प्रदर्शन द्वारा निर्धारित, निम्नलिखित श्रेणियों में प्रदर्शन–आधारित मान्यता प्रदान की जाएगी।

d. **प्रदर्शन आधारित मान्यता श्रेणियाँ :** प्रदर्शन आधारित मान्यता निम्नलिखित श्रेणियों में प्रदान की जाएगी, जो KPI फ्रेमवर्क पर जिले के प्रदर्शन द्वारा निर्धारित होती है –

श्रेणी	मान्यता का आधार	आवृत्ति
शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिले	KPI फ्रेमवर्क पर उच्चतम समग्र स्कोर वाले जिले	तिमाही और वार्षिक
सर्वाधिक सुधार करने वाले जिले	पिछली तिमाही/वर्ष की तुलना में सबसे अधिक सुधार दिखाने वाले जिले	तिमाही और वार्षिक
वर्टिकल उत्कृष्टता पुरस्कार	JEPC द्वारा अधिसूचित अनुसार, विशिष्ट KPI वर्टिकल (जैसे सीखने के परिणाम, शिक्षण अभ्यास, बुनियादी ढ़ाँचा) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले	वार्षिक

D. **अभ्यास आधारित मान्यता श्रेणियाँ :** अभ्यास आधारित मान्यता जिला और विद्यालय दोनों स्तरों पर स्थानीयकृत नवीन प्रथाओं और नेतृत्व के प्रयासों को उजागर करेगी। यह मात्रात्मक प्रदर्शन मैट्रिक्स से आगे जाती है और नवाचार, अनुकरणीय समस्या–समाधान

और उत्कृष्ट नेतृत्व के प्रयासों की कहानियों को सामने लाती है, जो अन्य जिलों को भी प्रेरित कर सकती है।

a. **अभ्यास आधारित मान्यता श्रेणियों के प्रकार :**

i. जिला स्पॉटलाईट्स : DRF से विजेता जिलों की ''जिला प्रोफाइल'' राज्य स्तरीय मीडिया चैनलों के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी। एक ''जिला प्रोफाइल'' में नीचे दिए गए 3 तत्वों में से सभी या कुछ का संयोजन हो सकता है –

(क) **नवाचार स्पॉटलाईट्स :** तिमाही के दौरान जिले द्वारा अपनाई गई उत्कृष्ट स्थानीय नवाचारों और प्रभावशाली प्रथाओं पर प्रकाश डालना, जिन्होंने KPI प्रदर्शन को बढ़ाने में योगदान दिया हो।

(ख) **सफलता की कहानी :** तिमाही के दौरान जिले से 1 से 2 सबसे प्रभावशाली सफलता की कहानियों या सफल उपलब्धियों का प्रदर्शन करना।

(ग) **कार्मिक प्रोफाइल :** JEPC और जिला नेतृत्व की आम सहमति के आधार पर एक जिला स्तरीय अधिकारी (DEO, DSE, DPO, ADPO, आदि) को ''कार्मिक प्रोफाइल'' के माध्यम से स्पॉटलाईट किया जाएगा। इसमें एक शिक्षा अधिकारी के रूप में उनकी यात्रा, प्रमुख करयिर उपलब्धियाँ और योगदान, नेतृत्व शैली और दृष्टिकोण, जिले के लिए उनकी दृष्टि और बहुत कुछ शामिल होगा।

ii. विद्यालय स्तरीय या चेंजमेकर स्पॉटलाईट्स : सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को विद्यालय स्तर पर उन उत्कृष्ट नवाचारों के लिए मान्यता दी जाएगी, जिनका छात्रों के सीखने के परिणामों और सामाजिक–भावनात्वक कल्याण पर प्रभाव पड़ता है। नवाचारों को 3 व्यापक श्रेणियों में मान्यता दी जाएगी :

(क) **कक्षा उत्प्रेरक (Classroom Catalyst) :** नवीन शिक्षण विधियों और कक्षा की शैक्षणिक प्रथाओं के लिए।

(ख) **कल्याण चैंपियन (Wellbeing Champion) :** उन नवाचारों के लिए जो छात्र के सामाजिक–भावनात्मक कल्याण का पोषण करते हैं, एक बेहतर विद्यालय का परिवेश बनाते हैं और विद्यालय में छात्र जुड़ाव को बढ़ाते हैं।

(ग) **कक्षा से परे (Beyond the Classroom) :** उन नवाचारों के लिए जो क्षेत्र भ्रमण, अनुभावनात्मक शिक्षा सह पाठ्यक्रम जुड़ाव और अन्य रचनात्मक गतिविधि–आधारित सीखने के माध्यम से सीखने को पारंपरिक कक्षा से बाहर ले जाते हैं।

b. **जिला और चेंजमेकर स्पॉटलाईट्स की पहचान करने की प्रक्रिया :**

i. **जिला स्पॉटलाईट्स की पहचान :** DRF से विजेता जिले अपने–अपने जिलों से प्रमुख नवाचारों और प्रभाव की कहानियों का चयन करेंगे और JEPC द्वारा साझा किए जाने वाले एक नामांकन पत्र में आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे।

ii. **चेंजमेकर स्पॉटलाईट्स की पहचान :** सभी जिलों के शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के नवाचारों को स्व–नामांकन या BRPs की सिफारिश के माध्यम से जिला प्रशासनों को भेजा जा सकता है। एक जिला–स्तरीय समिति सभी विद्यालय और जिला स्तर की प्रस्तुतियों का चार मानदण्डों पर मूल्यांकन करेगी – व्यवहार्यता, प्रभाव, विस्तारशीलता और स्थिरता। आगे के विचार के लिए 2–5 प्रस्तुतियों को अंतिम रूप देगी।

iii. **PMU द्वारा शॉटलिस्टिंग और क्षेत्र सत्यापन :** PMU प्रस्तुत नवाचारों का आकलन करेगा, शीर्ष उम्मीदवारों को शॉटलिस्ट करेगा और प्रथाओं को सत्यापित करने के लिए जहाँ आवश्यक हो, क्षेत्र भ्रमण करेगा।

iv. **मान्यता और प्रवर्धन (Amplification) :** अंतिम चयनों को राज्य–स्तरीय चैनलों, समाचार पत्रिकाओं और भागीदारी एनजीओ प्लेटफॉर्मों के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा ताकि नवाचारों को उजागर किया जा सके और जिलों में उनकी प्रतिकृति (replicaiton) को प्रेरित किया जा सके।

05. मार्गदर्शन तंत्र :

KPI प्रगति में सुधार करने और सीखने के परिणाम प्राप्त करने के लिए जिलों को लक्षित क्षमता निर्माण हेतु मार्गदर्शन गतिविधियों और सीखने के संसाधनों की एक श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी। वे अधिकतर प्रत्येक जिले के संदर्भ के अनुरूप होंगे और पहचानी गई चुनौतियों या आवश्यकता के आधार पर अनुकूलित (customized) सहायता प्रदान करेंगे।

(A) उपलब्ध मार्गदर्शन तंत्र के प्रकार :–

1. **मासिक प्रदर्शन समीक्षा :** –
   a. हर महीने JEPC और PMU, जिला नेतृत्व को प्रतिक्रिया (feedback) और रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए सभी जिलों के KPI प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। इस पर जिला नेतृत्व के साथ मासिक JEPC बैठक के दौरान चर्चा की जाएगी।
   b. प्रत्येक जिले को हर महीन एक प्रगति दृश्यता पत्रक (progress visibility sheet) या एक जिला रिपोर्ट कार्ड प्राप्त होगा, जिसमें उनके KPI प्रदर्शन को व्यवस्थित तरीके से उजागर किया जाएगा।

2. **रणनीतिक बैठकें (द्विवार्षिक) :** –

a. हर 6 महीने में JEPC, PMU और संबंधित जिला नेतृत्व के बीच एक व्यक्तिगत रणनीतिक बैठक आयोजित की जाएगी।

b. इस बैठक का उपयोग कार्यान्वयन में कमियों को समझने और सुधार की गुंजाइश की पहचान करने के लिए KPIs पर जिले के प्रदर्शन की गहन रणनीतिक समीक्षा करने हेतु किया जाएगा।

c. जिले इन्हें संयुक्त समस्या–समाधान सत्र के रूप में उपयोग कर सकते हैं ताकि वे उन लक्षित नवाचारों का निर्धारण कर सकें जिन्हें वे अपना सकते हैं।

3. **कार्यशालाएँ और सीखने के सत्र :** –

a. जिलों द्वारा सामना की जाने वाली प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने के लिए क्षेत्र के विशेषज्ञों के नेतृत्व में आवधिक कार्यशालाएँ या पैनल चर्चाएँ आयोजित की जाएगी।

b. अन्तर जिला ज्ञान साझाकरण और सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए क्यूरेटेड सहकर्मी–शिक्षण सत्रों की सुविधा प्रदान की जाएगी।

c. सीखने के लिए सभी विषयों को सबसे प्रासंगिक और लक्षित क्षमता निर्माण सुनिश्चित करने हेतु सभी जिलों के KPI रूझानों का विश्लेषण करने के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।

(B) जिलों को अन्य सामान्यीकृत सहायता भी उपलब्ध होगी :–

1. **सीखने के संसाधन :** – FLN और SLN संसाधनों की एक श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी। इस मॉड्यूल में गाईड, केस स्टडी, शोध पत्र, विडियो एक्सप्लेनर और अन्य संसाधन शामिल हो सकते हैं।

2. **रणनीतिक सलाह के लिए विशेषज्ञ पैनल :** – PMU एक विशेषज्ञ पैनल स्थापित करेगा जिसमें विशेषज्ञ, पूर्व जिला प्रशासक और अन्य प्रख्यात विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह पैनल –

a. आवश्यकता के आधार पर जिलों को विशिष्ट प्रश्नों और कार्यान्वयन चुनौतियों पर एक–एक करके रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

b. इसमें FLN NGO प्रमुख अभ्यासकर्ताओं, विषय वस्तु विशेषज्ञों (शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों) और अनुभवी पूर्व सरकारी अधिकारियों जैसे सदस्य शामिल होंगे।

c. आवधिक DEIC सीखने की कार्यशालाओं में भाग लेना, जहाँ व्यापक हितधारक (जैसे BRPs, CRPs, शिक्षक) भी विशेषज्ञ अंतदृष्टि से जुड़ सकते हैं और सीख सकते हैं।

District Education Innovation Challenge (DEIC)

District Implementation SOP

January 2026

LiftEd Transforming Foundational Literacy and Numeracy

Contents

PART A – Background and Context of DEIC:

01 – About DEIC

02 – Scope and Key Design Principles

PART B – District Implementation SOP

01 – Roles and Responsibilities of Key Stakeholders

02 – District Onboarding

03 – Data Collection and KPI Framework

04 – District Recognition Framework (DRF)

05 – District Guidance Mechanisms

Part A - Background and Context of DEIC

01. The District Education Innovation Challenge

The LiftEd District Education Innovation Challenge (DEIC) is a challenge-based programme that aims to build momentum for FLN outcomes in Jharkhand by promoting micro-innovation, championing data-driven governance, and rewarding performance improvements across all districts. DEIC will be implemented by JEPC with support from LiftEd DEIC consortium consisting of The Matri Trust, Porticus Foundation, The British Asian Trust, Dalberg Advisors and Room to Read India Trust.

DEIC aims to create a larger systemic change in the state, by catalyzing action within the government machinery resulting in:

1. **Higher FLN outcomes in the short & long term:** DEIC will provide greater impetus to Jharkhand districts to improve FLN outcomes by implementation of proven levers, fostering healthy competition and by leveraging rewards and recognition as incentives.
2. **Improved capacity of district officials**: Under DEIC, District officials in JH (e.g., District Education Officer, District Project Coordinators) will interact with experts and participate in learning trips, building their capacity for innovative thinking, leadership and effective execution leading to improved administrative capacity. This will strengthen the state's foundation and make it capable of adopting and driving the DEIC model independently.
